HAMIRPUR POLICE

जनपद हमीरपुर — दिनांक 05.03.2023

आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत ग्राम चौपाल का आयोजन::-

आज दिनांक 05/03/2023 को पुलिस अधीक्षक महोदय हमीरपुर के निर्देशन में जनपद के समस्त थानों के हल्का,चौकी इंचार्ज व बीट आरक्षियों द्वारा शब-ए-बरात व होली त्यौहार के संबंध में अपने-अपने क्षेत्र अंतर्गत ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया।

जिसके क्रम में ग्रामवासियों को होली एवं शब-ए-बरात त्यौहार से संबंधित शासन द्वारा दिए गए दिशा-निर्देशों से अवगत कराया गया एवं यह भी बताया गया कि कोई भी असामाजिक तत्व किसी भी प्रकार की अफवाह व अराजकता फैलता हैं, उसके संबंध मे तत्काल पुलिस को सूचित करें साथ ही त्योहारों को सकुशल संपन्न कराने में पुलिस-प्रशासन का सहयोग करने व आपसी सौहार्द बना कर मिलजुलकर त्यौहार मनाने की अपील की गई।